सार-समाचार

दीपक कुमार विद्युत मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

भरतपुर (निस)। राजस्थान के मूल निवासी तथा दलित समाज से आने वाले दीपक कुमार को भारत सरकार विद्युत मंत्रालय द्वारा हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में मनोनीत किया है। पूरे भारत में इस समिति के लिए केवल चार सदस्यों को ही मनोनीत किया गया है, जिनमें दीपक कुमार का नाम शामिल है। दीपक कुमार, पूर्व सांसद भरतपुर रंजीता कोली के भाई हैं तथा उनके लोकसभा कार्यकाल के दौरान आधिकारिक निजी सचिव के रूप में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वे लंबे समय से सामाजिक कार्यों, संगठनात्मक गतिविधियों और जनसेवा में सक्रिय हैं। इसके अतिरिक्त, वे रेल मंत्रालय (नॉर्दर्न रेलवे) की समिति में सदस्य हैं तथा पूर्व में भी अनेक विभागों में महत्त्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं।

गांव नगला मैंथना में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया

भरतपुर (निस)। महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, स्थानीय प्रशासन, स्थानीय निकाय पंचायत समिति कुम्हेर तथा ग्राम पंचायत नगला मैंथना के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव बैलारा कलाँ में ग्रामवासियों हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में लगभग 75 ग्रामीण स्वास्थ्य संबंधी सेवांए से लाभान्वित हुए। शिविर में आने वाले ग्रामवासियों को नि:शुल्क मधुमेह, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन की जाँचें की गईं और निशुल्क दवाईयाँ वितरित कर उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान रक्तचाप, रक्त शर्करा, वजन की निगरानी आदि से संबंधित मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसे सम्भावित स्वास्थ्य खतरों का चिकित्सकीय परामर्श करके ग्रामवासियों को इनसे बचने के लिए व नियंत्रण संबंधी जानकारियों से अवगत कराया गया। इस प्रकार के शिविर के आयोजन स्वास्थ्य सेवाओं का ऐसा संगम है जहां एक ही स्थान पर विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य किया बल्कि अधिकतम लोगों को उपचार, जांच, चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नैदानिक परीक्षण, परामर्श और रक्त संबंधी जांचे की गई। ग्राम पंचायत नगला मैंथना के ग्राम पंचायत भवन में आयोजित किए गए शिविर में चिकित्सकीय दल के सदस्यों में डॉ राकेश डागुर, डॉ विनोद मुदगल, मुकेश कुमार, हरि सिंह, रविन्द्र कुमार, योगेश कुमार आदि उपस्थित रहे एवं सरपंच मोहनाराम गुर्जर, ग्राम विकास अधिकारी पंकज सैनी, इसके अलावा सहायक नर्सिंग स्टाफ वीनेश कुमारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता मीना, आशा सहयोगिनी आशा कुमारी आदि के द्वारा सक्रिय रूप से सहायता प्रदान की गयी। शिविर में बृज विश्वविद्यालय के डॉ. पुष्पेन्द्र सोलंकी, नमन अग्रवाल, मुनेश कुमार भी उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के अध्ययनरत एन.एस.एस के छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।

भारतीय कुश्ती संघ की जनरल बॉडी मीटिंग 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित

भरतपुर (निस)। भारतीय कुश्ती संघ इण्डियन स्टाइल की वार्षिक जनरल बोडी की मीटिंग 14 दिसम्बर को डॉ. बी.आर. अम्बेकडकर भवन झण्डेवालान नई दिल्ली में भाग लेने हेतु चुन्नी कप्तान चेयरमैन राज0 कुश्ती संघ व महासचिव संजय शर्मा कोटा जायेंगे। मीटिंग दोपहर 1 बजे होगी जिसमें 52वीं हिन्द केसरी चौम्पियनशिप महाराष्ट्र के सतारा हेतु तिथि का निर्धारण तथा गत मीटिंग की कार्यवाही का अनुमोदन व अन्य राज्यों में कुश्ती गतिविधियां बढाने पर विचार किया जावेगा। यह जानकारी चुन्नी कप्तान ने दी।

जनउपयोगी सेवाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु कैनोपी का उद्घाटन

भरतपुर (निस)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा 10 नवम्बर, 2025 से 10 फरवरी, 2026 तक एक त्रैमासिक विशेष अभियान न्याय आपके द्वार- लोक उपयोगिता समस्याओं का सुलभ और त्वरित समाधान प्रारंभ किया गया है, जिसके माध्यम से कोई भी पीड़ित व्यक्ति लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर से संपर्क कर सकता है। नि:शुल्क विधिक सहायता, जनउपयोगी समस्याओं के त्वरित समाधान, मध्यस्थता, राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, पोक्सो अधिनियम एवं राजकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर के द्वारा पीएलवी के माध्यम से जगह-जगह कैंप लगाकर आमजन को सहायता प्रदान की जाती है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश, भरतपुर बलजीत सिंह के द्वारा आमजन को विधिक सहायता प्रदान करने हेतु एडीआर भवन में स्थापित कैनोपी का उद्घाटन किया गया। जज बलजीत सिंह के द्वारा बताया गया कि जिस किसी भी व्यक्ति के विधि अधिकारों का उल्लंघन हुआ है और वह नि:शुल्क विधिक सहायता चाहता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति से संपर्क कर सकता है। विधिक सेवा संस्थानों का दायित्व है कि वे सभी गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान कर उन्हें शीघ्र, सुलभ एवं सस्ता न्याय उपलब्ध करावें। सचिव के द्वारा बताया गया कि कोई भी व्यक्ति इन लोक उपयोगी सेवाओं की संबंधित समस्याओं से परेशान है तो ऐसी स्थिति में वह अपनी हस्तलिखित समस्या एवं पहचान संबंधित दस्तावेज संलग्न करके रालसा के विशेष वाट्सअप नंबर- 9119365734 पर वाट्सअप कर सकता है। पीड़ित व्यक्ति द्वारा प्रेषित वाट्सअप पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए स्थायी लोक अदालत, भरतपुर के समक्ष अर्जी प्रस्तुत की जाएगी और न्यायालय द्वारा उस पर विधि अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

जन-जन तक पहुँचाया जाएगा विकसित राजस्थान को साकार करने का संकल्प

- जिला प्रभारी मंत्री ने ली समीक्षा बैठक, राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों के प्रति किया जाएगा जागरूक
- विधानसभावार एलईडी लगे रथों को किया जाएगा रवाना - प्रभारी मंत्री

करौली, (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गुरूवार को गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के राज्य मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान जिला प्रभारी मंत्री ने वर्तमान सरकार के 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं डीएमआईएस पोर्टल के संबंध में संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की व उपस्थित अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि 12 दिसम्बर को बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान कार्यक्रम, 13 दिसम्बर को सडक सुरक्षा अभियान, 14 दिसम्बर को स्वच्छता कार्यक्रम, 15 दिसम्बर को रक्तदान शिविर, आरोग्य कैम्प व गो सेवा कार्यक्रम, 16 दिसम्बर को जिला विकास प्रर्दशनी (तीन दिवसीय कार्यक्रम), 17 दिसम्बर को ठ्ठामीण एवं शहरी सेवा फोलोअप शिविर, 18 दिसम्बर को महिला सम्मेलन, 21 दिसम्बर को रन फोर विकसित राजस्थान, 22 दिसम्बर को युवा रोजगार दिवस, 23 दिसम्बर को पर्यावरण संरक्षण अभियान, 24 दिसम्बर को पर्यटन कॉन्क्लेव-हवेलियों से हरियाली तक व 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधानसभावार एलईडी लगे रथों को रवाना किया जाएगा। जिसके नोडल अधिकारी उपखंड अधिकारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि रथों को रात्रि विश्राम गांवों में किया जाएगा। जहां जनप्रतिनिधि व संबंधित पंचायत के अधिकारी रथ का पारम्परिक स्वागत करेंगे। उन्होंने इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा जन भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किये। जिला प्रभारी मंत्री ने बताया कि कार्यक्रमों के दौरान स्वच्छता व जागरूकता का विशेष ध्यान रखा जाए। विकास अधिकारी रास्तों की साफ-सफाई, जंगली झाडीयों की कटाई सुनिश्चित करें। इस दौरान पेयजल व्यवस्था व बिजली के ढीले तारों को टाईट भी करवाया जाए। साथ ही पुलिस अधिकारी भी कानून व्यवस्था का सक्रिय रहकर ध्यान रखे। उन्होंने बताया कि इस दौरान विकसित राजस्थान को साकार करने के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा। साथ ही राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बैठक में जिला प्रभारी मंत्री ने कृषि, सड़क, संपर्क पोर्टल, ई-फाइलिंग, नगरीय व ठ्ठामीण क्षेत्रों की स्वच्छता, ठ्ठामीण विकास एवं पंचायती राज सहित विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को जिले में निर्बाध रूप से पेयजल की आपूर्ति के निर्देश प्रदान किये। जिससे जिले में आमजन को पेयजल से संबन्धित किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वहीं शहर एवं गावों के दूरस्थ एवं बाधित जलापूर्ति क्षेत्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले पेयजल के नियमित परिवहन एवं निर्बाध आपूर्ति को भी प्राथमिकता देने के लिए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया।

प्रभारी मंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में सीएमएचओ डॉ. जयन्तीलाल मीना को मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु मच्छर-रोधी गतिविधियाँ, फॉगिंग आदि करवाने, सरकारी अस्पतालों व दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु जनजागरूकता बढ़ाने, सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में उच्चस्तरीय सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिससे आमजन निजी अस्पतालों से ज्यादा गुणवत्तापूर्ण इलाज के लिए राजकीय अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों को तरजीह दे सकें।

अभियान के संचालन हेतु रूटचार्ट जारी

करौली, (निसं)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विधानसभावार एलईडी मोबाईल वैन अभियान के संचालन हेतु रथों को रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रथ 12 दिसम्बर को विधानसभा क्षेत्र टोडाभीम में प्रात: 08 बजे ग्राम पंचायत किरवाडा में, 11 बजे शेखपुरा में, दोपहर 01 बजे पहाडी में, 03 बजे रानौली व सायं 05 बजे महस्वा में इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र हिण्डौन में प्रात: 08 बजे ग्राम पंचायत सोमला, 11 बजे खैडी हैवत, दोपहर 01 बजे करसोली, 03 बजे बाढ करसोली व सांय 05 बजे फुलवाडा में इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सपोटरा में प्रात: 08 बजे ग्राम पंचायत बीजलपुर, 11 बजे पतरामपुरा, दोपहर 1 बजे जहांगीरपुर, 03 बजे महमदपुर व सांय 05 बजे कुडगॉव तथा विधानसभा क्षेत्र करौली में प्रात: 08 बजे ग्राम पंचायत ससेडी, 11 बजे हरनगर, दोपहर 01 बजे खूबनगर, 03 बजे सौरया एवं सांय 05 बजे मांची के राजीव गांधी सेवा केन्द्र पंहुच कर राज्य सरकार की योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

फार्मर रजिस्ट्री और अन्य सरकारी योजनाओं में लाभ के लिए पटवारी कर रहे घर घर संपर्क

- जिला कलेक्टर करौली के आदेशानुसार उप जिला कलेक्टर नादौती व तहसीलदार नादौती के निर्देशन मे कार्य को शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के पूरी कोशिश की जा रही

नादौती(निसं) । नादौती के पटवार मण्डल कैमा व पटवार मण्डल माचड़ी के पटवारी अतरसिंह अधैत द्वारा डोर टू डोर जाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जा रहा है ।

जिसमे पटवारी अतरसिंह सुबह छ बजे से शाम के नौ बजे तक घर घर जाकर उक्त कार्य को कर रहे हैं । पटवार मण्डल मे वाट्सअप ग्रुप बना कर बार बार किसानो से अपील की जा रही है कि नजदीकी ई मित्र या पटवारी के पास आधार कार्ड व उसमे जुड़े मोबाइल नंबर ले जाकर अपनी अपनी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। नादौती तहसील के सभी पटवार मंडल के पटवारी इस कार्य को दिन रात मेहनत करके इस कार्य को शत प्रतिशत करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं । लेकिन मौके पर कई समस्याये पटवारियों को आ रही हैं जिनमें किसानो के मोबाइल नंबर जो आधार के साथ जुड़े हैं वो या तो परमानेंट बंद हो गये हैं या किसान बाहर रह रहे हैं जिनका ओटीपी लेने मे दिक्कत हो रही है । अन्य समस्या जिसमें फेस से स्कैन करने पर पुराना फोटो होने पर मैच नहीं हो पा रहा है तीसरा कभी कभी अपना ख़ाता पोर्टल नहीं चलने से जमाबंदी निकलने मे भी दिक्कत आ रही है, एठी स्टैक पोर्टल भी कम काम कर रहा है जिससे कार्य करने मे समस्यायें आ रही हैं । फिर भी पटवारी सर्दी मे घर घर जाकर दिन रात अपने कार्य को पूर्ण निष्ठा के साथ निभा रहे है। जिला कलेक्टर करौली के आदेशानुसार उप जिला कलेक्टर नादौती व तहसीलदार नादौती के निर्देशन मे कार्य को शत प्रतिशत फार्मर आईडी बनाने के पूरी कोशिश की जा रही। तहसील नादौती के समस्त किसानों से अपील है कि इस कार्य को करने मे पटवारी की मदद करें, जिससे हर किसान को केसीसी, पीएम किसान निधि, सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान को फायदा मिलता रहे ।

इसमें नादौती पटवार मंडल अध्यक्ष विजयराम गुर्जर, कैमरी पटवार मंडल के प्रदीप खटाना बड़गांव, अतरसिंह अधैत कैमरी, बहादुर पटवारी, रौसी पटवारी गुमानसिंह सहित सभी पटवारी अपने कार्य पूर्ण करने में लगें हुए है ।

सार-समाचार

नेत्र जांच शिविर में 137 रोगियों ने कराई जांच, 54 रोगी मोतियाबिन्द ग्रस्त

भरतपुर (निस)। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से जिला अंधता निवारण समिति व शंकरा आई हॉस्पीटल जयपुर के सहयोग से कस्बे की सेठो की हवेली निवासी निरंजनलाल गुप्ता की स्मृति में आज राधाकृष्ण धर्मशाला में 18वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लैन्स प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रजिस्ट्रेशन प्रभारी राजेंद्र गर्ग व प्रकाश जैमन के नेतृत्व में 137 रोगियों का पंजीयन कर उनके नेत्रों की जांच की गई। शाखा संरक्षक देवकीनंदन सोनी व प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाखा की ओर से भुसावर क्षेत्र में कोई व्यक्ति मोतियाबिंद ग्रसित नहीं रहने के उद्देश्य को लेकर स्थानीय सेठो की हवेली निवासी निरंजनलाल गुप्ता की स्मृति में शाखा उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल व हेमन्त पाण्डेय के नेतृत्व में 18वां नि:शुल्क मोतियाबिंद जांच एवं नेत्र लैन्स प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। शिविर में जयपुर के शंकरा आई हॉस्पिटल की नेत्र चिकित्सक डा. रिशिका व चिकित्सकीय टीम सिमरन, रमनप्रीत, शैलेन्द्र, विष्णु व इंचार्ज रमेश द्वारा नेत्रों की समस्या से ग्रसित 137 रोगियों की जांच की गई, जिनमें 54 रोगी मोतियाबिन्द ग्रसित पाये गए। मोतियाबिन्दग्रस्त रोगियों को आधुनिक तकनीक द्वारा नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किया गया और अन्य रोगियों को नि:शुल्क आई ड्रॉप भी वितरित की गई। साथ ही गत शिविर के अंतर्गत आपरेशन हुए 40 रोगियों को नि:शुल्क चश्में भी वितरित किए गए। शिविर में एक ऐसा नजारा देखने को मिला कि अपने लिए दुल्हन लेने बारात लेकर झुन्झुनु जा रहे कस्बा निवासी प्रवील सिंघल ने रजिस्ट्रेशन काउंटर पर सेवाएं देते हुए रोगियों के रजिस्ट्रेशन किए और सेवाभावी होने का परिचय दिया। दूल्हा प्रवील के इस कार्य की उपस्थित लोगों ने प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रवील का यह कार्य प्रेरणादायक है। शाखा अध्यक्ष मनीष मित्तल ने बताया कि आपरेशन के लिए जयपुर रवाना किए गए रोगियों के भोजन, आवास एवं परिवहन की सुविधा भी नि:शुल्क रहेगी तथा उन्हें नि:शुल्क दवाईयां व चश्मे भी दिए जाएंगे और आगामी शिविर 8 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। शाखा कोषाध्यक्ष राजेश गोयल ने बताया कि शाखा की ओर से लगाए गए 17 शिविरों में 644 रोगियों के नि:शुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन करवाए जाकर उन्हें नेत्र ज्योति दिलाई जा चुकी है। शिविर में शाखा के चंद्रप्रकाश आर्य, शेरसिंह सैनी, डा. विजय पहाडिया, बृजेश जिंदल, निशांक सोनी, विजय अग्रवाल, दिलीप सिंघल, कृष्ण कुमार, रमेश गर्ग, आदि का विशेष सहयोग रहा।

बाल पाठशाला के जरूरतमंद बच्चों को वितरण किये ऊनी कपड़े

भरतपुर (निस)। भरतपुर विजयनगर कॉलोनी हीरादास स्थित फाउंडर दिगंबर सिंह द्वारा मिशन फॉर द हेल्प सोसाइटी के अंतर्गत जन सहयोग से संचालित भरतपुर जिले की प्रथम निशुल्क बाल पाठशाला में पढ़ रहे सभी जरूरतमंद बच्चों के लिए बढ़ती हुई सर्दियों को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समिति अध्यक्ष वीरपाल सिंह तथा संरक्षक प्रेम सिंह अध्यापक एवं छात्रों के अभिभावक व सहयोग कर्ताओं के सानिध्य में पाठशाला में पढ़ रहे सभी जरूरतमंद बच्चों को सर्दी से बचाव हेतु उन्हें टोपे, मौजे, जर्सी व जरकीन इत्यादि गर्म कपड़ों का वितरण किया गया बस्त्रों को पाकार सभी बच्चों के चेहरों पर खुशी की एक झलक देखने को मिली । इस अवसर पर जय माता दी टीम सदस्यों व पवन चौधरी अध्यापक बधिरा नदबई, रामबाबू सूरौठ, देवेंद्र अध्यापक, डॉ. श्याम सुंदर, डॉ. परमजीत सिंह, डॉ. योगेश कुमार, आर. के. बालोटिया, पुष्पा कुमारी अध्यापिका, राम भरोसी लाल अध्यापक खेड़ा ठाकुर, सुनील कुमार नर्सिंग ऑफिसर, प्रियंका कुमारी नर्सिंग ऑफिसर, महेंद्र सिंह बाबैन अध्यापक, मनमोहन डेमरोत एवं समस्त जन सहयोग कार्यकर्ताओं का संचालक द्वारा आभार एवं अभिवादन व्यक्त किया गया।

मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय संघ ने कार्यशाला की आयोजित

भरतपुर (निस)। भरतपुर में मानव अधिकार अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक न्याय संघ ने मानव अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में कार्यशाला का आयोजन संघ के अध्यक्ष एम के शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में मानव अधिकारों को लेकर चर्चा की गई। संस्था के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने की अपील की गई। कार्यशाला के बाद संस्था के अध्यक्ष एम के शर्मा ने जनसुनवाई की। जिसमें लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं बताई। संस्था अध्यक्ष ने उन समस्याओं का जल्द समाधान का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस कार्यवाही ना होने, अतिक्रमण सहित कई समस्याओं को लेकर लोग पहुंचे। संस्था के अध्यक्ष एम के शर्मा ने बताया कि संस्था के द्वारा ऐसे लोग जिनके अधिकारों का हनन हो रहा है, जो पीड़ित हैं उनकी मदद की जाती है। उन्होंने कहा कि भरतपुर संभाग के आमजन की समस्या निवारण के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पीड़ित लोगों को संगठन के द्वारा सहायता प्रदान कराई जाएगी। इस अवसर पर ज्वाला दत्त एडवोकेट विधि सलाहकार, रवि कुशवाहा, डालचंद शर्मा विधिक सलाहकार, प्रदीप शर्मा एवं मधुसूदन उपाध्याय आदि मौजूद रहे। रूपवास नगरपालिका प्रशासन द्वारा संचालित अस्थायी रैन बसेरा का औचक निरीक्षण ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष ऋषि गुप्ता (सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट) द्वारा किया गया। उक्त आश्रय स्थल का संचालन अनाज मंडी के सामने हो रहा है। वही निरीक्षण के दौरान रैन बसेरा में रुकने वाले व्यक्तियों हेतु उपलब्ध मूलभूत सुविधाएँ-जैसे पर्याप्त बिस्तर, रजाई गद्दा, तकिया बिजली, पानी, शौचालय का बारीकी से परीक्षण किया गया। रैन बसेरा में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए अलग अलग ठहरने की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि रैन बसेरा में किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को ठहरने से रोका न जाए तथा उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। जिससे वह सर्दी में खुले आसमान में न रहे। वही आपातकालीन स्थिति में संपर्क हेतु इमरजेंसी नंबर को स्पष्ट रूप से अंकित कर दृश्यमान स्थान पर लगाए जाने के लिए भी कहा गया। इसके साथ ही नगरपालिका प्रशासन को रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थानों पर रैन बसेरा की लोकेशन का व्यापक प्रचार-प्रसार करने, ठंड में खुले स्थानों पर रुकने वाले लोगों को रैन बसेरा में ठहरने के लिए प्रेरित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

सूरौठ पुलिस थाने के पास चला सफाई व अतिक्रमण अभियान

- नगर पालिका टीम ने मौके पर मौजूद रहकर नालियों की सफाई के साथ-साथ लोगों द्वारा किए गए अस्थायी अतिक्रमण को भी हटवाया। अधिकारियों ने बताया कि राहगीरों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालियों का अवरोध खत्म किया जा रहा है

सूरौठ (निसं)। नगर पालिका सूरौठ द्वारा गुरुवार को अधिशासी अधिकारी रीना खंडेलवाल के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता टीना शर्मा व सफाई निरीक्षक खेमराज मीना के द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत गंगापुर-भरतपुर मेगा हाइवे सूरौठ पुलिस थाने के पास सड़क किनारे व नालियों में जमे कचरे व नालियों की जेसीबी मशीन से गहरी सफाई करवाई गई ,नगर पालिका ने जलभराव रोकने और सुचारू जल निकासी सुनिश्चित करने को लेकर यह कार्रवाई प्राथमिकता में की है।

नगर पालिका टीम ने मौके पर मौजूद रहकर नालियों की सफाई के साथ-साथ लोगों द्वारा किए गए अस्थायी अतिक्रमण को भी हटवाया। अधिकारियों ने बताया कि राहगीरों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालियों का अवरोध खत्म किया जा रहा है।

अभियान के दौरान कनिष्ठ अभियंता टीना शर्मा, टींडल सोहन सिंह पोहिया,सफाई निरीक्षक खेमराज मीना, पंचायत समिति सदस्य बृजेश भारद्वाज व उपसरपंच श्याम सुंदर सैनी, समय मीना, विनोद बंशीवाल, सफाई टीम सदस्य महेंद्र हरिजन, सहित कई मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने पूरे अभियान की निगरानी करते हुए कार्यों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से पूर्ण करवाया।

अधिकारियों ने बताया कि नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखना उनकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से आने वाले दिनों में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अतिक्रमण न करें, नालियों में कचरा न डालें और नगर को साफ रखने में प्रशासन का साथ दें।

स्थानीय लोगों ने नगर पालिका की पहल की सराहना करते हुए कहा कि नियमित सफाई से वातावरण न केवल स्वच्छ बल्कि स्वस्थ भी बना रहेगा।

नगर पालिका प्रशासन ने दुकानदारों और कस्बेवासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन्होंने सड़क किनारे अस्थायी दुकानें या सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है, वे स्वयं हटाने की पहल करें। अन्यथा अभियान के तहत प्रशासन सख्ती से अतिक्रमण हटाएगा।

वैश्विक मनावता अभियान यात्रा का भुसावर में हुआ भव्य स्वागत

भुसावर, भरतपुर (निस)। दैवीय प्रेरणा से प्रेरित होकर गो गोविन्द की महिमा एवं मानवता की भावना को जन-जन के हृदय में प्रति स्थापित करने हेतु पूर्ण समर्पित ऋषि ऋषिकाओं की परंपरा की पथिक विश्व की पहली आध्यात्मिक दंपत्ति जुगल जोड़ी द्वारा वैश्विक मानवता अभियान यात्रा आज भुसावर कस्बे पहुंचीं जहां कस्बे के हिण्डौन सड़क मार्ग स्थित प्राचीन कोठी वाले हनुमानजी मन्दिर परिसर में गो गोविन्द की महिमा एवं मानवता की भावना को विभिन्न कथाओं के माध्यम से ब्रज गोराज धाम आश्रम वृन्दावन के प्रेम शांति संवाहक पूज्य स्वामी मनुष्य मित्र जी महाराज ने बताया कि गो गोविन्द की महिमा उनके दिव्य रूप, गायों और इंद्रियों को आनन्दित करने की क्षमता में निहित है, जो भगवान श्री कृष्ण जी के रूप में प्रकट होते हैं और उनकी मानवता उनके प्रेम, लीलाओं और भक्तों के प्रति उनकी सहजता में दिखती है,जो उन्हें आदि पुरुष बनाते है ।

राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की बैठक सम्पन्न

भरतपुर (निस)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत के तत्वाधान में कुम्हेर गेट चौराहे के पास स्थित आलोक विद्या मंदिर में विभिन्न विभागों की मांगों और समस्याओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष लोकेंद्र कुमार ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, महासंघ जिला अध्यक्ष जयपुर के के यादव, महासंघ संरक्षक जीवन लाल शर्मा, राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के संरक्षक सदस्य श्याम सिंह जघीना ने भाग लिया। इस बैठक में जिला भरतपुर और डीग के महासंघ से जुड़े हुए समस्त घटक दलों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राना ने संबोधित करते हुए कहा कि महासंघ हमेशा से ही कर्मचारियों की मांगों को सरकारों के समक्ष रखने और समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहता आया है, और आगे भी प्रयासरत रहेगा।सरकारों द्वारा वेतन विसंगतियों , पुरानी पेंशन एवं कर्मचारियों की अन्य समस्याओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार न करने दुविधा बनी हुई है।इस संदर्भ में 26 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले प्रदर्शन कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। सरकारें संख्या बल को महत्व देती हैं जिसका प्रमाण आपकी उपस्थिति ही दे सकतीं हैं। बैठक में लेकर के,के यादव, जीवनलाल शर्मा और श्याम सिंह जघीना ने अपने विचार में व्यक्त किया जिला अध्यक्ष लोकेंद्र कुमार ने बताया कि गत दिनों जयपुर में आयोजित मीटिंग में पुरानी पेंशन के भविष्य को लेकर दिल्ली कूच का आव्हान किया गया था लेकिन सरकार के आश्वासन के कारण स्थगित कर दिया गया। अब इस संदर्भ में 26 दिसंबर को जयपुर में प्रर्दशन का कार्यक्रम रखा गया है। इसमें अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

इसके अतिरिक्त बीएलओ और अन्य कार्य जो उनके विभागों से संबंधित नहीं है उनमें कर्मचारियों को लगाने से विभाग की व्यवस्थाएं चरमरा जाती है। इस हेतु एक मल्टी टास्किंग स्टाफ जैसा पद सृजित किया जाएगा जो ऐसे कार्यों को पूरा कर सकें।इस अवसर पर विभिन्न घटक दलों से राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम जिला अध्यक्ष भरतपुर होती लाल जैमन, अशोक कुमार गौतम, गजेंद्र शर्मा,सुधीर कटारा वीरेंद्र सिंह चौधरी,भरत सिंह फौजदार,राकेश कुमार फौजदार, पवन कुमार,संजीव शर्मा,वीरेंद्र सिंह, संभागीय अध्यक्ष ईसीजी कर्मचारी संघ तेजवीर सिंह, ए एन एम संघ संतोष शर्मा , याचना शर्मा, भूरी सिंह ,भरतेश कुमार जैमन,, संभाग अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर्स मनोज पाराशर,मदन मोहन शर्मा गोवर्धन सिंह, आर आर एन ए से विजय कुमार, महासंघ जिला मंत्री हेमन्त फौजदार रविंद्र कुमार,राजेंद्र सिंह, उमेश कुमार गोयल उपस्थित रहे।

रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आगाज

- उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सचिव महेश बेनीवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मीणा ने की

हिंडौन सिटी(निसं)। कोटा विश्वविद्यालय कोटा द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय पुरुष एवं महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को सौरभ कॉलेज ऑफ टीचर ट्रेनिंग के कॉन्फ्रेंस हॉल में गरिमामय माहौल के बीच हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान- दहली एजुकेशन सोसायटी के सचिव महेश बेनीवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेश मीणा ने की। इस अवसर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाल सिंह सोलंकी, उप जिला शिक्षा अधिकारी (शारीरिक शिक्षा) मानसिंह मीणा, पूर्व फिजिकल डिप्टी मुरारीलाल शाक्यवार, एम.डी. वेटरनरी साइंस के केर सिंह, नर्सिंग विभाग के प्राचार्य पवन चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. देवेंद्र अठावाल तथा पूर्व शारीरिक शिक्षक महेंद्र कुमार शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्रपट पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि महेश बेनीवाल ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमित अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण को खिलाड़ी तथा छात्र जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताया। उन्होंने कहा कि सतत अभ्यास ही हमें शिखर तक ले जाता है।

अध्य